समाचार

# महापौर की उपस्थिति में वार्ड क्र. 14 के 45 लोगों को लगी वैक्सीन

कोरबा 24 मार्च 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद की उपस्थिति में वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस के 45 लोगों को एक साथ कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई। महापौर श्री प्रसाद ने प्राथमिकता क्रम में आने वाले निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अनिवार्य रूप से अपना वैक्सीनेशन कराएं।

यहां उल्लेखनीय है कि प्राथमिकता क्रम में आने वाले 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों तथा 45 वर्ष से 59 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे व्यक्तियों जो गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इस कार्य में विगत डेढ़ माह से निगम के अधिकारी मैदानी स्तर पर कार्य कर रहे हैं, वहीं मुनादी आदि के माध्यम से लोगों को वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित किया जा रहा है, वार्ड पार्षदों, स्वयंसेवी संगठनों, सामुदायिक संगठकों सहित अन्य लोगों का सहयोग इसमें प्राप्त हो रहा है। इसी क्रम में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद जो कि वार्ड क्र. 14 से निर्वाचित पार्षद भी है, की पहल पर वार्ड क्र. 14 के प्राथमिकता क्रम के 45 नागरिकों ने एक साथ एस.ई.सी.एल. हास्पिटल मुड़ापार पहुंचकर महापौर की उपस्थिति में कोरोना वैक्सीन लगवाई। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रामगोपाल यादव, निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, उप जोन प्रभारी राजबहादुर सिंह, दिलेश्वर सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।